# अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2017–18
# कक्षा – 10 वीं
# विषय – हिन्दी विशिष्ट

**समय – 3 घंटे** **पूर्णांक – 100**

निर्देश :–

1. आरंभ में दिए गए वस्तुनिष्ठ प्रश्न सर्वप्रथम हल करें।
2- प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिए 5 अंक (1X5X5=25) निर्धारित है।
3- प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2–2 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।
4- प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 –3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है।
5- प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 – 4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द है।
6- प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 – 5 अंक निर्धारित हैं।
7- प्रश्न क्रमांक 28 के लिए (7+3) 10 अंक निर्धारित है।

प्र.क्र. 1 उचित शब्द का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। (1 X 5 = 5 )

1. द्वन्द समास का उदाहरण...................... है। (माता पिता / राजगृह)
2. 'परम्परा बनाम आधुनिकता' के लेखक................. हैं। (हजारी प्रसाद द्विवेदी / प्रेमचंद)
3. 'चॉदनी चमकती है................बहती जाती है।' (गंगा / यमुना )
4. कपिल मुनि ने यहॉ तपस्या की इसलिए इसे..............कहा जाता है। (कपिलधारा / कपिलवस्तु)
5. हरिगीतिका छंद एक..................छंद है। (मात्रिक / वार्णिक)

प्र.क्र. 2 सही विकल्प चुनकर लिखिए – (1 X 5 = 5 )

1. कहानी सम्राट एवं उपन्यास सम्राट हैं –
   (अ) महादेवी वर्मा (ब) प्रेमचंद
   (स) उदयशंकर भट्ट (द) वृन्दावन लाल वर्मा
2. 'विनय के पद' में निवेदन कर रहे हैं–
   (अ) सूरदास (ब) तुलसीदास
   (स) मीरा बाई (द) जायसी
3. किसान के हाथ–पैर किसे कहा गया है ?
   (अ) गाय को (ब) बैल को
   (स) बकरी को (द) भैंस को
4. जिस सामाजिक पद में पहला पद प्रधान और अव्यय हो, उसे कहते हैं –
   (अ) कर्मधारय समास (ब) द्विगु समास
   (स) अव्ययीभाव समास (द) द्वन्द समास
5. 'रोला' छंद के प्रत्येक चरण में मात्रांए होती हैं–
   (अ) 24 (ब) 28
   (स) 16 (द) 20

प्र.क्र. 3 सत्य / असत्य का चयन कीजिए – (1 X 5 = 5 )

1. महाराणा लाखा की प्रतिज्ञा पूर्ण हुई।
2. 'निंदा रस' पाठ की विधा कहानी है।
3. साधु से उसकी जाति नहीं पूछनी चाहिए।
4. समास के पॉच भेद होते है।
5. 'करूण रस' का स्थायी भाव क्रोध है।

प्र.क्र. 4 सही जोड़ी बनाइए – (1 X 5 = 5 )

| | (क) | (ख) |
|---|---|---|
| 1. | परीक्षा | दिनकर |
| 2. | रक्षाबंधन | प्रेमचंद |
| 3. | 'उद्बोधन' | विश्वम्भरनाथ शर्मा 'कौशिक' |
| 4. | शांत रस | तीन |
| 5. | संधि | निर्वेद |

प्र.क्र. 5 एक वाक्य में उत्तर दीजिए – (1 X 5 = 5 )

1. मीठे फल का आंनद लेने वाला कौन है ?
2. एकांकी में कितने अंक होने चाहिए ?
3. गोपाल की आकृति कैसी है ?
4. रस के कितने अंग होते हैं?
5. दो पदो ंके मेल को क्या कहते हैं ?

प्र.क्र. 6 'स्तुतिखंड' में जायसी ने कितने द्वीपों और भुवनों की चर्चा की है ? (2)

अथवा

मातॉए बालक राम की कौनसी चेष्टाओं से प्रसन्न होती हैं ?

प्र.क्र. 7 मनु को हर्ष मिश्रित झटका – सा क्यों लगा ? (2)

अथवा

कवि के अनुसार मनुष्य का भीतरी गुण क्या है?

प्र.क्र. 8 कवि के अनुसार कॉटे की मर्यादा क्या है ? (2)

अथवा

बादलों के हटने पर तारे कैसे दिखलाई पड़ते हैं ?

प्र.क्र. 9 जीवन को सफल बनाने के लिए कवि क्या निर्देश देते हैं ? (2)

अथवा

मानव जिस ओर गया उधर क्या–क्या हुआ ?

प्र.क्र. 10 भारतेन्दु के अनुसार भारत की दुर्दशा का प्रमुख कारण क्या हैं ? (2)

अथवा

बसन्त ऋतु के आगमन पर प्रकृति में कौन–कौन से परिवर्तन होते हैं ?

प्र.क्र. 11 बूढ़ा जौहरी आड़ में बैठा क्या देख रहा था ? (2)

अथवा

सत्य स्वंय ही सारे प्रश्नों का निराकरण कब करता हे ?

प्र.क्र. 12 महाराणा लाखा ने कौन–सी प्रतिज्ञा की थी ? (2)

अथवा

पंचभूत और पंचगव्य में क्या अंतर है ?

प्र.क्र. 13 गुलाब किसका प्रतीक बन गया है ? (2)

अथवा

महर्षि वेदव्यास क्यों प्रसिद्ध हैं ?

प्र.क्र. 14 कवि ने बेटियों को गौरव – कथॉए क्यों कहा है ? स्पष्ट कीजिए। (2)

अथवा

लेखक ने निन्दकों को पास रखने की सलाह क्यों दी है ?

प्र.क्र. 15 निम्नलिखित शब्दों का संधि–विच्छेद कर संधि का नाम लिखिए – (2)

1. स्वेच्छा 2. निरक्षर

अथवा

निम्नलिखित का समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए –

1. महाराजा 2. देवपाणी

प्र.क्र. 16 गीतिका छंद की परिभाषा उदाहरण सहित दीजिए। (2)

अथवा

वक्रोक्ति अंलकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.क्र. 17 कवि ने 'उपनिवेश के दाग' किसे कहा है ? स्पष्ट कीजिए। (3)

अथवा

स्वामी जी के साथ हिमालय यात्रा में भगिनी निवेदिता को क्या अनुभव हुए ?

प्र. क्र.18 संधि एवं समास में तीन अंतर लिखिए। (3)

अथवा

अर्थ के आधार पर वाक्यों के भेद लिखिए।

प्र.क्र. 19 'रस' की परिभाषा एवं उसके भेद लिखिए। (3)

अथवा

'अन्योक्ति अंलकार' की परिभाषा एवं उसके उदाहरण लिखिए।

प्र.क्र.20 'रीतिकाल' की चार विशेषताएॅ लिखिए। (4)

अथवा

भक्तिकाल की चार विशेषताएॅ लिखिए।

प्र.क्र. 21 'आत्मकथा' और 'जीवनी' में दो अंतर लिखिए एवं उनके एक–एक रचना और रचनाकारों के नाम लिखिए। (4)

अथवा

'रेखाचित्र' और 'संस्मरण' में दो अंतर लिखते हुए एक–एक रचना एवं रचनाकारों के नाम लिखिए।

प्र.क्र. 22 'सुभद्राकुमारी चौहान' अथवा 'सूरदास' का काव्यगत परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – (4)

1. दो रचनाएॅ 2. भावपक्ष 3. कलापक्ष 4. साहित्य में स्थान।

प्र.क्र. 23 'कन्हैयालाल प्रभाकर मिश्र' अथवा प्रेमचंद का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए –(4)

1. दो रचनाएं 2. भाषा 3. शैली 4. साहित्य में स्थान।

प्र.क्र. 24 निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की संदर्भ, प्रसंग एवं विशेष सहित व्याख्या लिखिए– (4)

''बिना बिचारे जो करे, सो पीछे पछिताय।
काम बिगारे आपनो, जग में होत हंसाय।।
जग में होत हॅसाय, चित्त में चैन न पावे।
खान–पान सनमान, राग–रंग मनहिं न भावै।।
कह गिरिधर कविराय, दुःख कछु हरत न हारे।
खटकत हैं जिय माहिं, कियो जो बिना बिचारे।।''

अथवा

'' बॉध लेंगे क्या तुझे यह मोम के बंधन सजीले ?
पन्थ की बाधा बनेंगे तितलियों के पर रंगील ?
विश्व का क्रन्दन भुला देगी मधुप की मधुर गुनगुन,
क्या डुबो देंगे तुझे यह फूल के दल ओस गीले ?
तू न अपनी छॉह को अपने किए कारा बनाना !
जाग तुझको दूर जाना ''

प्र.क्र. 25 निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश की संदर्भ, प्रसंग एवं विशेष सहित व्याख्या लिखिए– (4)

''मैं अपने देश का नागरिक हूं, और मानता हूं कि मैं अपना देश हूॅ। जैसा मैं अपने लाभ और सम्मान के लिए हरेक छोटी–छोटी बात पर ध्यान देता हूॅ, वैसा ही मैं अपने देश के लाभ और सम्मान के लिए भी छोटी–छोटी बातो पर ध्यान दूॅ। यह मेरा कर्तव्य है और जैस मैं अपने सम्मान और साधनों से अपने जीवन में सहारा पाता हूॅ, वैसे ही देश के सम्मान और साधनों से भी सहारा पाऊं – यह मेरा अधिकार है।

अथवा

''वह विश्वास पर बिक जाता है, धर्म पर झुक जाता है, सबको सहता है पर शिकायत नहीं करता, सबकी सुनता है पर अपनी ओर से कुछ नहीं कहता । वह कभी थक कर नहीं बैठता, झुक कर नहीं चलता और त्याग में से प्राप्ती तथा परिश्रम में से आनन्द पाता आया है। दुःख का पहाड़ आ जाये तो सुख की क्षीण रेखा वह सदा मुस्कुराता है और अकेला रह जाने पर भी अपनी राह नहीं छोड़ता।''

प्र.क्र. 26 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (2+2+1 = 05)

'' ऐसा देखा जाता है कि अधिकांश लोग अपने बहुमूल्य समय को व्यर्थ में ही व्यतीत कर देते हैं, परन्तु फिर भी तो वही बात की जाती है कि '' अब पछताए होत का जब चिड़िया चुग गई खेत'। आज हम लोग जितना समय व्यर्थ की बातों में गुजार देते हैं, यदि उसका दशम भाग भी सदुपयोग करना सीख लें तो हमें जीवन में सफलता मिल जाये।'

प्रश्न 1. उपयुक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
2. उपयुक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।
3. समय का उपयोग कैसे कार्यों में होना चाहिए ?

प्र.क्र. 27 विद्यालय के 'बुक–बैंक से निःशुल्क पुस्तकें प्राप्त करने हेतु प्राचार्य को आवेदन–पत्र लिखिए। (05)

अथवा

अपने मित्र को अपनी बड़ी बहन की शादी में उपस्थित होने हेतु आमंत्रण–पत्र लिखिए।

प्र.क्र. 28 (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 200–250 शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए– (07)
1. नारी शिक्षा
2. विज्ञान के बढ़ते चरण
3. पर्यावरण संरक्षण
4. राष्ट्रीय एकता

(ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध की रूपरेखा लिखिए – (03)
1. अनुशासन और विद्यार्थी जीवन
2. समाचार–पत्र
3. राष्ट्रीय पर्व
4. स्वच्छ भारत

------XXXX------